कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 23.09.2024

विषयः- दुष्कर्म से सम्बन्धित अभियुक्त थाना सिगरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज व प्रभारी निरीक्षक सिगरा के नेतृत्व में थाना सिगरा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0- 282/2024 धारा- 376,328,323,506,420,406 भा0द0वि0 व 67ए आईटी एक्ट थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित वांछित अभियुक्त विकास रविन्द्र सिंह राजपूत पुत्र रविन्द्र सिंह राजपूत, निवासी E/32 इन्द्रानगर नियर सरस्वती सोसायटी बिहाइंड मकरपुरा डीपो बडोदरा गुजरात हालपता जिला फिरोजाबाद उ0प्र0 औसत उम्र करीब 33 वर्ष को कैंट स्टेशन वाराणसी के सामने जी0आर0पी0 पुलिस चौकी के बगल बने हनुमान जी के मंदिर के पास से थाना सिगरा, कमिश्नरेट वाराणसी से दिनांक 23.09.2024 गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना सिगरा पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

विवरण पूछतांछ- अभियुक्त विकास रविन्द्र सिंह राजपूत उपरोक्त द्वारा पूछने पर बता रहा है कि मैं आदित्य बिरला सन लाइट इन्श्योरेन्स बडोदरा में एडवाईजर के पद पर कमीशनबेस पर काम करता हूँ। वादिनी से मैं एक वर्ष से संपर्क में हूँ और वाराणसी में कैन्ट रेलवे स्टेशन के पास स्थित होटल में भी साथ में रहा हूँ। होटल में अपने आधार कार्ड की कॉपी व मृत पत्नी के आधार कार्ड की कॉपी लगाया हूँ और वादिनी को अपनी पत्नी बताकर प्रवृष्टि कराया हूँ।

सम्बन्धित अभियोगः-

1. मु0अ0सं0- 0282/2024 धारा 376,328,323,506,420,406 भा0द0वि0 व 67ए आईटी एक्ट थाना- सिगरा कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम पता व उम्र-

1. विकास रविन्द्र सिंह राजपूत पुत्र रविन्द्र सिंह राजपूत, निवासी E/32 इन्द्रानगर नियर सरस्वती सोसायटी बिहाइंड मकरपुरा डीपो बडोदरा गुजरात हालपता जिला फिरोजाबाद उ0प्र0 औसत उम्र करीब 33 वर्ष।

गिरफ्तार/सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. श्री मनोज कुमार मिश्र प्रभारी निरीक्षक थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
2. व0उ0नि0 विवेक कुमार त्रिपाठी थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 श्याममोहन गुप्ता, थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
4. उ0नि0 दुर्गा प्रसाद थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
5. का0 मृत्युन्जय सिंह थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।